डॉ. के. श्रीनिवासराव
सचिव
Dr. K. Sreenivasarao
Secretary

साहित्य अकादेमी
(राष्ट्रीय साहित्य संस्थान)
संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की स्वायत्तशासी संस्था
Sahitya Akademi
(National Academy of Letters)
An Autonomous Organisation of Government of India, Ministry of Culture

सा 61/वाईपी/2024 12060 06.01.2025

प्रकाशन/प्रसारण हेतु प्रेस विज्ञप्ति

युवा पुरस्कार 2024 अर्पण समारोह

साहित्य अकादेमी 12 जनवरी 2025, रविवार को भुवनेश्वर में युवा पुरस्कार 2024 के विजेताओं को सम्मानित करने के लिए एक पुरस्कार समारोह का आयोजन कर रही है। यह समारोह शाम 5:00 बजे, महाराजा कृष्णचंद्र गजपति ऑडिटोरियम, उत्कल विश्वविद्यालय, वाणी विहार, भुवनेश्वर, ओड़िशा में आयोजित होगा। इस अवसर पर श्री माधव कौशिक, अध्यक्ष, साहित्य अकादेमी, 24 पुरस्कार विजेताओं को प्रतिष्ठित साहित्य अकादेमी युवा पुरस्कार 2024 प्रदान करेंगे, जिसमें एक उत्कीर्ण ताम्र-फलक और प्रत्येक को रुपये 50,000/- की राशि पुरस्कार स्वरूप दी जाएगी। इस अवसर पर प्रसिद्ध अंग्रेजी कवि श्री जेरी पिंटो मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। प्रोफेसर कुमुद शर्मा, उपाध्यक्ष, साहित्य अकादेमी समापन टिप्पणी करेंगी।

13 जनवरी 2025, सोमवार को पुरस्कार विजेताओं का लेखक सम्मिलन आयोजित किया जाएगा। यह सम्मिलन सुबह 10:30 बजे बुद्ध मंदिर के सम्मेलन कक्ष, प्रदर्शनी मैदान के सामने, मधुसूदन मार्ग, यूनिट-9, भुवनेश्वर, ओड़िशा में होगा। इस सम्मिलन में पुरस्कार विजेता अपने रचनात्मक कार्यों और अनुभवों के बारे में चर्चा करेंगे। इस सत्र की अध्यक्षता प्रोफेसर कुमुद शर्मा, उपाध्यक्ष, साहित्य अकादेमी द्वारा की जाएगी।

(के. श्रीनिवासराव)

रवींद्र भवन, 35 फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली-110 001, दूरभाष : +91-11-2338 7064, 2307 3002, फैक्स : +91-11-2338 2428
Rabindra Bhavan, 35 Ferozeshah Road, New Delhi-110 001, Phone: +91-11-2338 7064, 2307 3002, Fax +91-11-2338 2428
E-mail: secretary@sahitya-akademi.gov.in, Website: http//www.sahitya-akademi.gov.in